कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज

पत्रांक अंग्रेजी माध्यम / 12124 / 2019-20 दिनांक 28.08.2019

प्रबन्धक,
फोर्ड स्कूल एण्ड कालेज,
काजीपुर रोड, नैनी, चाका,
प्रयागराज।

अपने पत्र दिनांक 16.08.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आपने सी0बी0एस0ई0 से मान्यता लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया है। उक्त जॉच खण्ड शिक्षा अधिकारी, बहादुरपुर से करायी गयी। खण्ड शिक्षा अधिकारी, बहादुरपुर ने अपनी आख्या दिनांक 22.08.2019 के द्वारा अवगत कराया है कि "आपके आदेश दिनांक 19.08.2019 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 22.08.2019 को उक्त विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त विद्यालय को आपके कार्यालय के पत्रांक/मान्यता/13170-75 दिनांक 29.07.2013 को प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक की मान्यता अंग्रेजी माध्यम से निर्गत की गयी है। उक्त विद्यालय में विभिन्न माप के अनुसार कुल 19 कक्षा-कक्ष निर्मित हैं, जिसकी माप के अनुसार सूची संलग्न है। विद्यालय प्रबन्धतन्त्र द्वारा सी0बी0एस0सी0 बोर्ड से मान्यता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की मॉग की गयी है। उक्त विद्यालय को सी0बी0एस0सी0 बोर्ड से मान्यता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की संस्तुति की जाती है।

अतः श्री नरेन्द्र सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी, बहादुरपुर, प्रयागराज की आख्या एवं संस्तुति के आधार पर उक्त विद्यालय को यदि सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता दी जाती है तो उसके लिए इस कार्यालय को कोई आपत्ति नही होगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
प्रयागराज